# कार्यालय, अधिष्ठाता
# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 07729–299171, वेबसाईट -- www.gmcmahasamund.edu.in, ई-मेल- gmcmahasamund@gmail.com

क्रमांक / शा.चि.म. / स्था. / 2025 / 3885 महासमुन्द, दिनांक 18/11/2025

प्रति,

संचालक,
जनसंपर्क विभाग, रायपुर (छ.ग.)

विषय :– शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुन्द में चिकित्सा शिक्षक / चिकित्सक के संविदा भर्ती हेतु वॉक–इन–इंटरव्यू का विज्ञापन समाचार पत्रों में प्रकाशित करने बाबत्।

–––00–––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुन्द में चिकित्सा शिक्षक / चिकित्सक के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु प्रत्येक कार्यालयीन दिवसों में वॉक–इन–इंटरव्यू का आयोजन किया गया है। उक्त वॉक–इन–इंटरव्यू का विज्ञापन संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित है। कृपया उक्त विज्ञापन को प्रदेश के स्तरीय दो समाचार पत्रों तथा राष्ट्रीय स्तर के दो समाचार पत्रों में शीघ्र प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

18/11/25
अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
महासमुन्द (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / शा.चि.म. / स्था. / 2025 / ................ महासमुन्द, दिनांक..........................

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, नार्थ ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कार्यालयीन प्रति।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
महासमुन्द (छ.ग.)

# कार्यालय, अधिष्ठाता
## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.)

दूरभाष क. 07729-299171, वेबसाईट – www.gmcmahasamund.edu.in, ई–मेल– gmcmahasamund@gmail.com

क्रमांक / शा.चि.म. / स्था. / 2025 / 3855 महासमुन्द, दिनांक 14/11/2025

**//Walk in Interview//**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.) के विभिन्न विभागों में रिक्त सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट एवं अन्य पदों तथा समय–समय पर रिक्त होने वाले पदों पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में उल्लेखित शर्तों के अंतर्गत संविदा भर्ती किया जाना है। इस हेतु शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द (छ.ग.) में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से प्रत्येक कार्य दिवस में ''वाक–इन–इन्टरव्यू'' आयोजित है।

- सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट एवं अन्य पदों के वर्गवार (अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति) रिक्त पदों की संख्या निम्नानुसार है:–

| S.N. | DEPARTMENT | VACANCY | |
|---|---|---|---|
| | | ASSISTANT PROFESSOR | SENIOR RESIDENT |
| 1 | ANAESTHESIOLOGY | 1-UR, 1-ST | 2-UR, 1-ST |
| 2 | ANATOMY | 1-SC | - |
| 3 | BIOCHEMISTRY | - | - |
| 4 | COMMUNITY MEDICINE | 2-UR, 1-ST | - |
| 5 | ENT | 1- SC | 1-SC |
| 6 | EMERGENCY MEDICINE | 1-UR | 4-UR, 3-ST, 1-SC, 1-OBC |
| 7 | FORENSIC MEDICINE | 1-ST | - |
| 8 | GENERAL SURGERY | 2-UR | 1-UR, 1-ST, 1-OBC |
| 9 | MEDICINE | 2-UR, 1-SC, 1-ST | 1-UR, 3-ST |
| 10 | MICROBIOLOGY | - | - |
| 11 | OBS. & GYN. | 1-ST | 1-ST, 1-OBC |
| 12 | OPHTHALMOLOGY | - | 1-UR |
| 13 | ORTHOPAEDICS | 1-SC | - |
| 14 | PAEDIATRICS | 1-UR, 1-ST | 2-ST |
| 15 | PATHOLOGY | 1-ST | - |
| 16 | PHARMACOLOGY | 1-ST | - |
| 17 | PHYSIOLOGY | 2-ST | - |
| 18 | PSYCHIATRY | 1-UR | 1-UR |
| 19 | RADIO-DIAGNOSIS | 1-UR, 1-ST | 1-SC, 1-ST |
| 20 | RADIOTHERAPY | 1-ST | - |
| 21 | SKIN & V.D. | 1-ST | - |
| 22 | T.B. & CHEST | - | 1-UR |

| S.N. | DEPARTMENT | CASUALTY MEDICAL OFFICER (Vacancy) |
|---|---|---|
| 1 | CASUALITY DEPARTMENT | 1-OBC |

निरंतर पृष्ठ 2 पर ..........

- उपरोक्त चिकित्सकीय पदों के एकमुश्त मासिक संविदा वेतन की जानकारी :--

| क्रमांक | पदनाम | एकमुश्त मासिक संविदा वेतन |
|---|---|---|
| 01 | Professor | Rs. 1,90,000/- |
| 02 | Associate Professor | Rs. 1,55,000/- |
| 03 | Assistant Professor | Rs. 100,000/- |
| 04 | Senior Resident | Rs. 75,000/- |
| 05 | Tutor /Demonstrator & Junior Resident | Rs. 65,000/- |
| 06 | Casualty Medical Officer | Rs. 62,120/- |

- आवश्यक दिशा--निर्देश :--

1. उपरोक्त पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हता एवं आयु राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के प्रचलित नवीनतम मापदण्ड अनुसार लागू होंगे।
2. उपरोक्त पदों के कंडिका में दर्शित समेकित संविदा वेतन प्रतिमाह है, जिसमें शासन के द्वारा निर्धारित संविदा वेतन व स्थापना अनुदान मद से देय मानदेय सम्मिलित है, जिस पर शासकीय नियमानुसार TDS तथा अन्य कटौती किये जायेंगे।
3. उपरोक्त पदों पर संविदा नियुक्ति एक वर्ष की अवधि अथवा इन पदों पर नियमित/तदर्थ नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो के लिये लागू होगा, जो छत्तीसगढ़ शासन संविदा भर्ती नियम 2012 एवं संशोधन के अंतर्गत शासित होंगे एवं राज्य शासन द्वारा समय--समय पर जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा तथा संविदा अवधि कार्य प्रतिवेदन के आधार पर बढ़ायी जा सकेगी।
4. साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन प्रपत्र, पासपोर्ट साईज नवीनतम दो रंगीन फोटो एवं समस्त दस्तावेजों की स्व--सत्यापित छायाप्रति तथा दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रति सहित निर्धारित स्थान -- "शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द (छ.ग.)" पर अपनी उपस्थिति दर्ज करें।
5. साक्षात्कार के समय शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थी अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण--पत्र प्रस्तुत करें, अनापत्ति प्रमाण--पत्र के अभाव में ऐसे अभ्यर्थी अपात्र माने जायेंगे। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी)/छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान परिषद/छत्तीसगढ़ दन्त चिकित्सा परिषद में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
6. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द के वेबसाईट www.gmcmahasamund.edu.in पर भी उपलब्ध है।
7. पदों की संख्या परिवर्तनीय है आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
8. संविदा भर्ती के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय सर्वमान्य, अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
9. उक्त विज्ञापन माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली एवं माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर, द्वारा समय--समय पर पारित आदेशों एवं शासन/प्रशासन द्वारा समय--समय पर जारी निर्देशों के अध्यधीन रहेगा।
10. अभ्यर्थी अपना निर्धारित प्रारूप मे पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र चेक लिस्ट के अनुसार संबंधित दस्तावेज के साथ स्वयं उपस्थित होकर स्क्रूटनी समिति से स्क्रूटनी करवाकर साक्षात्कार मे सम्मिलित हो सकते है।
11. स्क्रूटनी तथा साक्षात्कार प्रतिदिन कार्यालयीन दिवस में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.) में होगा।

14/11/25

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
महासमुन्द (छ.ग.)